राजस्थान प्रारम्भिक शिक्षा परिषद्

द्वितीय व तृतीय तल, ब्लॉक–5, डॉ.एस. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर।

rajssaquality@gmail.com

Phone No. 0141-2701596

क्रमांकः–राप्राशिप / गुण.शिक्षा / पीईईओ / 2017–18 6353 दिनांक : 05/9/17

जिला शिक्षा अधिकारी प्रा.शि0
एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक
सर्व शिक्षा अभियान
समस्त जिले।

जिला शिक्षा अधिकारी मा.शि.
एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक
राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान
समस्त जिले।

विषय :– पीईईओ द्वारा शाला दर्शन पोर्टल पर किये जाने वाले कार्यों के संबंध में।
संदर्भ :– राज्य सरकार का पत्र क्रमांक प. 15 (1)/प्रा.शि./2017/जयपुर/दिनांक 11.04.2017

संदर्भित पत्र के द्वारा सामान्यतः आदर्श विद्यालय के संस्थाप्रधान को पदेन पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी (PEEO) नामित किया गया है। पदेन पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी (PEEO) उनसे सम्बद्ध विद्यालयों को सर्व शिक्षा अभियान हेतु जारी कार्यान्वयन के कार्यतन्त्र (Frame Work) के अनुसार संकुल संदर्भ केन्द्र प्रभारी (CRCF) एवं संकुल संदर्भ प्रभारी (CRC) घोषित किया गया है। PEEO का मुख्य दायित्व ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्थित प्रारम्भिक शिक्षा के प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों को प्रशासनिक, अकादमिक नेतृत्व एवं सम्बलन प्रदान करना है।

शाला दर्शन पोर्टल प्रारम्भिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित समस्त विद्यालय, कार्यरत शिक्षक एवं अध्ययनरत विद्यार्थियों के संबंध में ऑनलाइन एवं वास्तविक समय (Real Time) का डाटा संप्रेषण का सशक्त माध्यम है। इस पर सही समय पर सही डाटा फीड करना संबंधित विद्यालय की जिम्मेदारी है। पूर्व में यह कार्य बीईईओ स्तर पर होता था। अब बीईईओ/पीईईओ की देखरेख में समस्त विद्यालयों द्वारा यह कार्य किया जाना है। अतः समस्त संस्थाप्रधान यह सुनिश्चित करें कि डाटा फीड करवाने की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित विद्यालय के प्रभारी शिक्षक की ही होगी। अतः बीईईओ/पीईईओ से समन्वय स्थापित कर डाटा फीडिंग का कार्य करवाया जाना सुनिश्चित करें। शैक्षणिक सत्र 2017–18 से संबंधित नामांकन एवं अन्य आंकड़ों की फीडिंग का कार्य प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय के संस्था प्रधानों के द्वारा बीईईओ/पीईईओ के मार्गदर्शन में करवाया जाना है।

समस्त प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय के सस्था प्रधानों को निर्देशित करें कि वे सम्बन्धित बीईईओ/पीईईओ कार्यालय के शाला दर्शन प्रभारी को अपने विद्यालय से सम्बन्धित सूचनाओं के अपडेशन कार्य में सहयोग करते हुए विद्यालय, विद्यार्थी, अध्यापक एवं अन्य गतिविधियों से सम्बन्धित सूचनाओं को शाला दर्शन पोर्टल पर अपलोड करवाया जाना सुनिश्चित करेगें।

(डॉ. जोगाराम)
आयुक्त

क्रमांकः–राप्राशिप / गुण.शिक्षा / पीईईओ / 2017–18 6354 दिनांक : 05/9/17
प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग।
2. निजी सचिव, आयुक्त, राप्राशिप,जयपुर।
3. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक, रामाशिप,जयपुर।
4. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, बीकानेर।
5. निजी सहायक, अतिरिक्त आयुक्त, राप्राशिप,जयपुर।
6. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, रमसा/एसएसए, समस्त जिले।
7. खण्ड प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी, समस्त।
8. पदेन पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी, समस्त।
9. रक्षित पत्रावली।

(जस्सा राम)
अतिरिक्त आयुक्त

www.rajteachers.com